36वें राष्ट्रीय खेलों में भीम अवार्डी अनीश भनवाला ने शूटिंग में जीता गोल्ड मेडल

चर्चा में क्यों?

30 सितंबर, 2022 को हरियाणा के करनाल ज़िले के शूटर अनीश भनवाला ने गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित हो रहे 36वें राष्ट्रीय खेलों में शूटिंग में गोल्ड मेडल हासिल किया।

प्रमुख बिंदु

- अनीश भनवाला ने यह मेडल 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल मेन मुकाबले में हासिल किया है।
- विदित है कि भीम अवार्डी अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज़ अनीश भनवाला ने बीते अगस्त माह में जर्मनी में चौथी सुहलर कप शूटिंग प्रतियोगिता में दो कांस्य पदक जीत कर देश व प्रदेश का मान बढ़ाया था। साथ ही दक्षिण कोरिया के चांगवान में आइएसएसएफ निशानेबाज़ी विश्व कप प्रतियोगिता के 25 मीटर रैपिड फायर मिक्स इवेंट में वह रजत पदक जीत चुके हैं।
- इसके अलावा इसी वर्ष मार्च माह में मिस्र के काहिरा में इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स विश्व चैंपियनशिप के मुकाबलों के दौरान अनीश ने गोल्ड और सिल्वर मेडल हासिल किया है।
- छोटी उम्र में अनीश की उपलब्धियों को देखते हुए हरियाणा सरकार ने उन्हें भीम अवार्ड से नवाजा है। वर्ष-2018 के कामनवेल्थ खेल में शूटिंग में गोल्ड जीतने वाले सबसे छोटी उम्र के खिलाड़ी अनीश दो बार राष्ट्रपति से अवार्ड हासिल कर चुके हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी सम्मान प्राप्त कर चुके हैं।
- उल्लेखनीय है कि 29 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 36वें राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ किया था, जो कि देश में सात साल बाद आयोजित हो रहे हैं। ये खेल गुजरात के अहमदाबाद के अलावा, गांधीनगर, सूरत, वड़ोदरा, राजकोट और भावनगर में हो रहे हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bhim-awardee-anish-bhanwala-won-gold-medal-in-shooting-at-36th-national-games